राष्ट्रपति वीरता पदक

drishtiias.com/hindi/printpdf/president-s-gallantry-medal

चर्चा में क्यों?

15 अगस्त, 2021 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के नौ पुलिसकर्मियों को **वीरता के लिये राष्ट्रपति पदक**, चार को **विशिष्ट सेवाओं के लिये राष्ट्रपति पदक** जबकि 73 पुलिसकर्मियों को उनकी **उत्कृष्ट सेवाओं के लिये पदक** से सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- आधिकारिक सूत्रों के अनुसार **जौनपुर के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार साहनी सहित नौ पुलिसकर्मियों** को वीरता के लिये राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया। इनमें अजय कुमार साहनी, बिजेंद्र पाल राणा, अक्षय शर्मा, भूपेंद्र कुमार शर्मा, सुनील नागर, तस्लीम खान, प्रवेश कुमार शुक्ला, पंकज मिश्रा और शैलेंद्र कुमार शामिल हैं।
- इसी प्रकार गौतमबुद्धनगर के पुलिस आयुक्त आलोक सिंह, सीबी सीआईडी लखनऊ की एसपी गीता सिंह, ज़िला देवरिया के सब-इंस्पेक्टर वाजिद अली खान और 11 बीएन पीएसी, सीतापुर के प्लाटून कमांडर जगत नारायण मिश्रा को विशिष्ट सेवाओं के लिये राष्ट्रपति का पुलिस पदक से सम्मानित किया गया।
- वहीं, राज्य के 73 पुलिसकर्मियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिये मेडल प्रदान किया गया।
- इस बीच, स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर, राज्य सरकार ने विभिन्न ज़ेलों से **75 महिला कैदियों** को रिहा कर दिया।